छठी उत्सव पर खेली फूलों की होली

श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी ने कोविड प्रोटोकाल के साथ किया आयोजन

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी के प्रांगण में शनिवार को भगवान श्री कृष्ण को छठी मनाई गई। शुभ मंगलाचरण के साथ कलाकारों ने नृत्य और गीत के माध्यम से फूलों की होली खेली।

श्रीकृष्ण और राधा के साथ सखियों का फूल बरसाते हुए होली खेलना अद्भुत और अलौकिक रहा। गोपियों के साथ मल्लराज के प्रसंग की प्रस्तुति भी मोहक रही। कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एं. मुकेश पाठक, महामंत्री किशन सिंह ने कलाकारों का अभिनंदन किया। मीडिया प्रभारी लल्लूलाल गुप्त ने कथी का स्वागत किया। संचालन धर्मेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर मिरजापीलाल अग्रवाल, संतोषचंद्र केसरवानी, रामचंद्र पटेल, राजीव गुप्त, उमाशंकर पांडेय, गोपाल जी केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

उधर, शहरगंज सर्व व्यापार मंडल द्वारा छठ उत्सव मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण को कई प्रकार का भोग लगाकर उनकी कृपा सब पर बनी रहने की प्रार्थना की गई। मोग लगाकर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल व कमल कैथवास द्वारा बढ़ाया गया। श्री कटरा रामलीला कमेटी के प्रांगण में भी छठी उत्सव मनाया गया। अतिथियों ने आटोमेटिक झांकियों को आकर्षक छटा देखी। श्री राम जन्म भूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती और पूर्व मंत्री डा. नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने भगवान श्री कृष्ण को भोग लगाया और आरती की।

कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता और गोपाल बाबू जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। कृष्ण लीला में प्रतिभाग करने वाले 52 कलाकारों को स्वामी वासुदेवानंद के हाथों आशीर्वाद स्वरूप प्रशस्ति पत्र दिलाया गया। झांकी सजाने वाले शिल्पकार करन सिंह प्रजापति को प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र दिया गया। स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि कटरा राम लीला कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य बधाई के पात्र हैं जो सनातन धर्म संस्कृति और हिंदू धर्म के संस्कार को बढ़ाने व नई वाली पीढ़ी को भी सनातन धर्म का संदेश दे रही हैं। संस्था के उपाशीष शर्मा, अंकलाल चौरसिया, मर्यक अग्रवाल, विनोद केसरवानी, संकल्प चौरसिया आदि ने स्वामी वासुदेवानंद का आशीर्वाद लिया।

खाटके हरि चलने झूलाएँ... चारू की छठी के अवसर पर प्रयागराज के श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार • जागरण

आज होगा कलाकारों का चयन

श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी 'कथा सनातन की' रामलीला के मुख्य पात्रों का अंतिम रूप से चयन रविवार को करेगी। मीडिया प्रभारी लल्लूलाल गुप्त ने बताया कि कलाकारों के चयन के बाद उनको पात्रों की भूमिका का आवंटन कर दिया जाएगा। साथ सिलेबर से रिहर्सल। शुक्रवार। होगा, जिसमें सभी चयनित कलाकारों का आधिपत्र रहना अनिवार्य होगा।

एक नगर में

बाइक सवार को पीटा

प्रयागराज : लीजाज थानाक्षेत्र बैरहना चौराहे के पास कार सवार दुबारी ने पहले बाइक में टक्कर मारी और फिर बाइक सवार दमैंड प्रकाश पांडेय को जमकर पीटा। घायल युवक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया, जिसपर उन्हें मेडी अस्पताल ले जाया गया। सर्विस का आरोप है कि पुरी बदना चौराहे पर लगे सीसीटीवी में कैद है, बावजूद इसके पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। जस

महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन

प्रयागराज : प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के कार्यकर्ताओं ने बेहताशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ सिविल लाइंस स्थित घंटाघर मिरजापुर के पास नारेबाजी-प्रदर्शन किया। बताया कि बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने में सरकार विफल साबित हुई है। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा गया। अभिनाश चौधरी मोतू, शमशाद अहमद, रजा सिंह, शाहिन आदि रहे। जस

सखी संस्था ने बांटी डेढ़ सौ कार डस्टबिन

प्रयागराज : सखी संस्था की पदाधिकारियों द्वारा शनिवार को महावीर अभिलाषा गुप्ता को 150 कार डस्टबिन प्रदान किया गया। इस्ट डि लीन इसे अपनी कार में एक लगा रख ते और दाग के दौरान इसमें को डाली में डालें। जस

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को शनिवार को जुलूस संबोधित करतीं प्रदेश महासचिव प्रियंका वाड्रा • जागरण : दाएँ

उप में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं कांग्रेसी : प्रियंका

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा ने शनिवार को कहा कि पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। चौहिंदी कॉलेज के जरिए इलाहाबाद हाई कोर्ट और मेला रोड के पास कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए यह बात कही।

विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की तरफ से प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के जरिए दो लाख पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने का महाभियान चल रहा है। अब तक 63 जिलों में प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। शनिवार को अपने संबोधन में प्रियंका वाड्रा ने कहा कि प्रदेश के हर छोटे-बड़े मुद्दे पर कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है। कार्यकर्ताओं से कहा कि अब आपको बार-बार जनता के बीच जाते रहना होगा।

जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में बूथ प्रबंधन, इंटरनेट मीडिया के बेहतरीन उपयोग, कांग्रेस विचारधारा, भाजपा और आरएसएस का सच जैसे गहन मुद्दों पर घंटों की गई। जिला प्रभारी वसीम अंसारी ने कहा कि वार्ड अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, न्याय पंचायत अध्यक्षों की 11 सदस्यों की कमेटी तैयार की जा रही है। इस बार प्रत्याशी नहीं करीब आम कार्यकर्ता हर बूथ पर एजेंटों से चुनाव लड़ेगा। जिला कांग्रेस प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया कि शिविर में 323 नेता और पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण हासिल किया।

दो नए लोगों में मिला कोरोना का संक्रमण

जहरा, प्रयागराज : कोरोना संक्रमण से बचने के तरीकों में लापरवाही कुछ लोगों पर भारी पड़ रही है। शनिवार को दो लोग संक्रमित पाए गए। इनकी जांच रिपोर्ट माहकोबायोलाजी लैब से पाजिटिव आई है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले भर में 8583 लोगों के कोविड टेस्ट कराए। एक संक्रमित स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया।

जिला सर्विलांस अधिकारी डा. एके तिवारी ने बताया कि कोरोना संक्रमण की स्थिति सामान्य है। प्रोटोकाल को अनदेखी करने वाले संक्रमित हो रहे हैं।

दूसरी डोज लगवाने पहुंचे 16496 लोग

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : कोरोना रोधी टीके की दूसरी डोज लगवाने वालों की तादाद अब पहले की अपेक्षा बढ़ रही है। शनिवार को 16496 लोगों ने टीका लगवाया जबकि सोमवार से शुक्रवार तक प्रत्येक दिन दूसरी डोज लगवाने वाले लाभार्थियों का औसत करीब पांच हजार रहा है।

जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. वीरबालाल ने बताया कि 44 केंद्रों में टीकाकरण हुआ। अब तक जिले में 1918321 लोगों ने टीका लगवा लिया है। इसमें 1504492 लोगों को पहली डोज लग चुकी है और चार लाख 7332 लोगों ने दोनों डोज लगवा ली है।

'स्मार्ट' दावों के बीच जिंदा है 'पुराना मर्ज'

मुट्ठीगंज चौराहे के पास फटाहाल सड़क • जागरण

मुट्ठीगंज मार्ग पेज के पेड़ पर लगी मरकर सड़क पर पहुंचे का ढेर • जागरण

विधायक जी का रिपोर्ट कार्ड

3,90,307 कुल मतदाता

2,13895 पुरुष मतदाता

1,76412 महिला मतदाता

शहर दक्षिणी विधानसभा

कुल 424 बूथों वाले शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र का अधिकांश इलाका पुराने शहर का हिस्सा है और समस्याएं भी पुरानी हैं। संकरी गलियां, उखड़े खड़ंजे, चोक नालियां, जाम जगह कूड़े का अंबार आम बात है। तमाम गलियों और सड़कों को कई वर्ष पूर्व बनवाया गया, उसके बाद कभी मरम्मत नहीं हुई। वैसे ऐसा नहीं है कि काम नहीं हुआ इस क्षेत्र में संगमनगरी को स्मार्ट सिटी बनाए जाने की घोषणा के बाद वहां भी कई सड़कों का चौड़ीकरण हुआ। बावजूद इसके पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने, आवारा पशु लेकर सस्ती व अपनाने तथा सफाई के पुख्ता इंतजाम के अभाव में स्मार्ट शहर सिर्फ जुमला बनकर रह गया। मुट्ठीगंज के अधिकांश केरवानी बंधुओं का पार्किंग नहीं है। निरंजन ग्रेट पुल पर पन्नाडोअर नहीं है। हल्की बारिश में भी पुराना शहर सिविल लाइंस क्षेत्र से कट जाता है। आते जाते समय दिक्कतों लगते हैं। कॉलेज निवासी राजेश गुप्ता, शैलेष अग्रहरि बताते हैं कि आज तक हालात नहीं सुधरे। क्षेत्र के बाजारों में पार्किंग नहीं है। मिरंजन ग्रेट पुल पर पन्नाडोअर नहीं है। हल्की बारिश में भी पुराना शहर सिविल लाइंस क्षेत्र से कट जाता है।

शुद्ध पीने का पानी, गलियों में खड़ंजे व सड़क जैसी सुविधाओं को बेहतर करवाया है। भूमिगत केबल डालने के अलावा जर्जर सड़कों को भी बनवाया गया। क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग की योजना कागजों में। मेरी क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करवाया। शहर दक्षिणी विधानसभा की करीब 70 फीसद समस्याओं का निदान हो चुका है। लोकनाथ चौराहा पर कुल्लन गुरु, समोला मार्ग पर मवतवड़ा सेनानी शहीद सुखदेव और गौरहार चौराहा पर गुरु नानक द्वार बनवाया गया। करीब तीन सौ लोगों को पेंशनों के हालात के लिए पांच करोड़ रुपयों से अधिक की मदद दिलाई गई है अब तक। विकास के मद में 9 करोड़ 73 लाख 31 हजार रुपये खर्च हुए हैं। करेलाबाग में निषादराज घाट और रामलीला मंच का निर्माण करवाया गया। मीरापुर कबरस घाट पर सामुदायिक शराब घर और समशान निर्माण प्रस्तावित है जल्द ही इस दिशा में काम शुरू हो जाएगा।

– नंदगोपाल गुप्ता नंदी, विधायक शहर दक्षिणी विधानसभा।

शहर दक्षिणी विधान सभा क्षेत्र में भाजपा विधायक ने कोई काम नहीं कराया। जो वार्ड पिछली पंचायत योजना में हमने कराए थे उन्हें भी भाजपा अपना बता रही है। पूरे क्षेत्र की सड़कें उखड़ चुकी हैं। गलियों का निर्माण कहीं भी नहीं कराया गया। बिजली के तार लटक रहे हैं। खंभे भी जर्जर हो चुके हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर कुछ भी काम नहीं हुआ। मैंने अपने कार्यकाल में सभी सड़कों और गलियों को दुरुस्त कराया था। बिजली उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने और जर्जर उपकरणों को बदलने का भी कार्य हुआ था।

हाजीपरवेज अहमद ठेकेदार, निवर्तमान पार्षद (भाजपा) वित्त वृत्त 2017



शेख की गलियां बहुत खराब हैं। आना-जाना मुश्किल है। उखड़ा खड़ंजा है। लोग अक्सर हादसे का शिकार होते रहते हैं। गलियों में मवेशियों के बांधे जाने से भी परेशानी होती है। गोबर से गलियां पाटा हो जाती हैं।

गौ. सगीर, मोहल्ला मिस्टन

लगभग सभी सड़कें खराब है। हर जगह बड़े बड़े गड्ढे दिखाई है। बारिश होने पर पानी भर जाने से लोग दुर्घटना के शिकार होते रहते है। क्षेत्र की सफाई व्यवस्था भी बेहाल है। साफ न लगने, कूड़ा न उठने से गंदगी फैली रहती है।

अब्दिका खान, अहिल टोला

विवेकानंद मार्ग, जीरो रोड की सड़कों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। नाले-नालियों की सफाई न होने से मच्छर भी बढ़ रहे हैं। ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें भी खराब हो चुकी हैं। सभी सड़कों एवं गलियों में साफ होते ही अंधेरा हो जाता है।

अलीक केसरवानी, शहरगंज

सड़कें खराब होने के साथ ही केसहाल पशु और आवारा कुत्तों का भी आतंक है। रात में लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है। सभी पुराने मोहल्लों में बिजली के तार नीचे तक लटकाते देखे जा सकते हैं। क्षेत्र में हिंदिग की भी समस्या है।

रिंकेश गोरीशंकर, बाजारवाली गली

खादी-ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य बने रमाशंकर

जहर, प्रयागराज : सहसों के सिरसागंज स्थित सुपरबाजी गांव के रमाशंकर गुप्ता को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड का सदस्य नामित किया गया है। नारायण बिलास कालोनी में शनिवार को लोकदंत सेनानी नरेंद्र देव पांडेय की अध्यक्षता में भाजपा के वरिष्ठजनों की बैठक में उन्हें बधाई दी गई। बैठक में रमाशंकर को बोर्ड का सदस्य नामित किए जाने पर भाजपा के प्रदेश एवं क्षेत्रीय संगठन और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। रमाशंकर वर्ष 1989 से भाजपा से जुड़े हैं। इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलेश गौतम, पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय, गंगाधर के पूर्व निलाम्बुज कन्हैया लाल पांडेय, अक्कनी द्विवेदी, गणेश केसरवानी आदि उपस्थित थे।



रमाशंकर गुप्ता। • सौ. : स्वयं

एटीएम कार्ड की क्लोनिंग कर खाते से रुपये उड़ाने वाले गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : नवाबगंज पुलिस ने शनिवार को दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। जबकि इनके दो साथी भाग निकले। इनके पास से क्लोनिंग मशीन, कई एटीएम कार्ड, लैपटाप, तमंचा-कारतूस, मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में पता चला कि ये एटीएम कार्ड की क्लोनिंग कर लोगों के खाते से रुपये उड़ा देते थे। पुलिस इनके भाग निकले साथियों की तलाश में दबिश दे रही है।

नवाबगंज इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रसाद को शुक्रवार को दिन में जानकारी मिली कि बाइक सवार दो युवक संदिग्धावस्था में बाजार स्थित एक एटीएम बूथ के बाहर खड़े हैं। खबर मिलते ही घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया गया।

उनके बैग की तलाशी ली गई तो क्लोनिंग मशीन, कई एटीएम कार्ड, लैपटाप, तमंचा, कारतूस आदि बरामद किया गया। बाने लाकर पूछताछ की गई तो अपना नाम सचिन सिंह पुत्र हरकेश बहादुर सिंह निवासी देवरहा बाबा कोतवाली, प्रतापगढ़ व शिवा सिंह निवासी विक्रमपुर थाना कोतवाली जनपद प्रतापगढ़ बताया। दोनों ने भाग निकले अपने साथियों के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी। बताया कि वे एटीएम कार्ड की क्लोनिंग के लिए मशीन में स्कीमर लगा देते हैं।

दिखाकर के जरिए लोगों के एटीएम कार्ड को क्लोन करते थे। बूथ के बाहर खड़े होकर पिन कोड भी देख लेते थे, जिसके बाद लोगों के खाते को खाली कर दिया जाता था। इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रसाद का कहना है कि दोनों पूरा गैंग संचालित करते थे। इनके गिरोह में कई सदस्य हैं, जिनके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है।

कार्रवाई

- क्लोनिंग मशीन, एटीएम कार्ड, लैपटाप, तमंचा और कारतूस किया गया बरामद
- दोनों शातिरों के दो साथी फरार, मिलने वालों की तलाश में दबिश

नर्स भर्ती में कई अभ्यर्थियों के फोटो हस्ताक्षर त्रुटिपूर्ण

राम लखन, प्रयागराज : स्टाफ नर्स/सिस्टर ग्रेड-2 (पुरुष व महिला) भर्ती परीक्षा-2021 के आन्लाइन आवेदन में कई अभ्यर्थियों के फोटो व हस्ताक्षर त्रुटिपूर्ण पाए गए हैं। इस त्रुटि को सुधार कर सही फोटो व हस्ताक्षर पुनः अपलोड करने का एक मौका उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने दिया है। इसके लिए अंतिम तिथि 11 सितंबर निर्धारित की गई है।

लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार सिंह के अनुसार इस भर्ती के लिए विज्ञापन 16 जुलाई को जारी किया गया था। इसके लिए लाखों सिस्टर तक अभ्यर्थियों से आन्लाइन आवेदन लिए गए। इसमें एक हजार से अधिक पद के लिए भर्ती होनी है। आयोग ने पाया कि कई अभ्यर्थियों के फोटो व हस्ताक्षर त्रुटिपूर्ण पाए गए हैं। इसकी सूचना आयोग को वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वह निर्धारित तिथि पर सही फोटो व हस्ताक्षर अपलोड कर दें। अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा।

EDUCATION PLUS
A Website for Bridging Aspirations

कामता सिंह गर्ल्स पी.जी. कालेज
(संबद्ध-चंद्रशेखर आजाद पी.जी. कालेज, कोड नं०-01047)
Mob.- 9129170071, 9458328401, 8171795393 प्रवेश प्रारम्भ
B.A. हिन्दी साहित्य, संस्कृत, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, उर्दू
B.Sc. गणित विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान
M.A. हिन्दी, संस्कृत, इतिहास, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान
M.Sc. गणित विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान
B.Sc. कम्प्यूटर साइन्स B.Ed. (सत्र-नियमित/वर्किंग वुमेन)
छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति एवं शुल्कमुक्ति की सुविधा
पटेल नगर, झूँसी, प्रयागराज

RADHA RAMAN MISHRA GROUP OF INSTITUTION
शारदाराम मिश्र पी.जी. कालेज (संबद्ध कोड-01047)
कामता प्रसाद मिश्र लॉ कालेज (संबद्ध कोड-01253)
सुलतानपुर, शिवकुटी, प्रयागराज (संबद्ध-डा. राजेन्द्र सिंह (लालू) जैन पी.जी. प्रयागराज)
संचालित पाठ्यक्रम
B.A. B.Sc. B.Com B.C.A. LL.B. (3 Year)
B.Ed. D.El.Ed (College Code-350079)
M.A. हिन्दी, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र इतिहास, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, बुन्देल एवं अवधी
M.Sc. गणित विज्ञान, जीव विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं रसायन विज्ञान
M.Com. B.Ed. D.El.Ed. Course Under Affiliation, Scholarship Available.
For Details Admission Mob. 8604189877, 9651967896
Head Office : 3124/3125 शिवम् परिसर, कामतागंज, प्रयागराज

कमलेश यादव गर्ल्स पी.जी. कालेज
झूँसी, प्रयागराज
(संस्थापक-प्रोफेसर रमाकांत सिंह (रुपाकुर सिंह) शिवमोहिनीसिंह, प्रयागराज)
प्रवेश प्रारम्भ 2021-2022
बी ए बी एस सी बी कॉम
एम ए - एम कॉम
छात्राओं को शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा
9452876602, 9451365938, 9839180472, 9305907261

College Code 01075 प्रवेश प्रारम्भ सत्र 2021-22
के.पी.उच्च शिक्षा संस्थान
झलवा, प्रयागराज
For Online Admission Visit
B.Sc. Agriculture
B.A./B.Sc./B.Com./M.A/M.Sc./M.Com.
B.Ed./D.El.Ed/B.Lib/B.C.A./B.B.A.
B.Sc.(Computer Science) छात्रवृत्ति की सुविधा
कमला प्रसाद (डा.) आई टी आई, ट्रेड- इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर
9415660244 / 7755848484 / 9648450157/ 9452642107
7 पी.डी. टण्डन रोड, इलाहाबाद
मो.बाइल-9793052006

पोती सुमन को विद्यालय आवंटन नहीं, सत्याग्रह में पहुंचे दादा

चयन बोर्ड पर सत्याग्रह कर रहे टीजीटी अभ्यर्थी ने किया फोटोग्राफ मार्क • जागरण : प्रतिनिधि

राम लखन, प्रयागराज : दिन रात पढ़ाई कर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) 2016 की परीक्षा पास करने वाले चयनित अभ्यर्थी विद्यालय आवंटन के लिए सत्याग्रह पर बैठे हैं। समाजिक विज्ञान और कला विषय के ढेढ़ हजार से ज्यादा चयनित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड पर क्रमशः आंदोलन कर रहे हैं। सत्याग्रह में शामिल न हो पाई समाजिक विज्ञान विषय से चयनित सुमन यादव की तरफ से उनके 85 वर्षीय दादा एएपल यादव कानपुर से आकर सत्याग्रह में शामिल हुए जो कि फौज से सेवानिवृत्त हैं।

एएपल यादव ने कहा कि उनकी पोती सहित अन्य बच्चों का चयन होने के बाद विद्यालय आवंटन न करना चयन बोर्ड की हठधर्मिता है। चयन बोर्ड को क्या पता कि चयन होने के बावजूद घर में बैठकर इंतजार करना बच्चों को किस तरह भारी पड़ रहा है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मृत्युंजय सिंह को अगुवाई में चौथे दिन सुमित कुमार यादव कानपुर से, अखिलेश जोशी झांसी से, अनिल कुमार, अभिषेक यादव मतबा से, कमलेश कुमार, राम मिलन बांदा से, नन्दलाल पिलकूट से, मनोज गौतम जालौन से, सुधीर कुमार लखीमपुर से, सुनील कुमार सोनभद्र से आकर सत्याग्रह पर बैठे। चयनित अभ्यर्थी संजीव नारायन ने कहा कि जब टीजीटी के सभी विषय की एक साथ परीक्षा कराई जा सकती है तो एक साथ विद्यालय आवंटन और नियुक्ति पत्र क्यों नहीं दिया जा रहा।

'सितारों' को खोज रहा यूपी बोर्ड

राम लखन, प्रयागराज : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) एक्ट 1921 में बना था और इस तरह इस वर्ष यूपी बोर्ड के 100 वर्ष हो रहे हैं। इस खास वर्ष को यूपी बोर्ड शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने की तैयारी में है। यूपी बोर्ड सचिव ने जिला विद्यालय निरीक्षकों से अपने बोर्ड से पढ़े ऐसे पुराने छात्रों का विवरण जुटाने को कहा है, जिन्होंने देश व प्रदेश की खातिर में कुछ योगदान किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अपने-अपने जिलों में ऐसे सितारों की सूची तैयार कर रहे हैं। यूपी बोर्ड के खाते में बड़ी उपलब्धि यह है कि सुप्रीमो राम नाथ कोविन्द इसी बोर्ड से पढ़े हैं।

शताब्दी वर्ष में समारोह के आयोजन को लेकर अभी तिथि स्पष्ट नहीं है, लेकिन बोर्ड मुख्यालय के स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षकों के साथ बैठक की जा चुकी है। बोर्ड अपने करीब चार सौ 'सितारों' की सूची बना रहा है। इसके बाद उच्चकोटि के वरीयता क्रम में नामों को अलग सूची बनाई जाएगी। फिर बोर्ड नामों का सत्यापन कराएगा। कोविड संक्रमण का खतरा न होने पर अपने होनहारों को कुलपति सम्मानित करने की भी योजना यूपी बोर्ड की है। उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए आयोजन वृहद स्तर पर करने की योजना है। आयोजन होने पर बोर्ड मुख्यालय को विशेष तौर पर साज-सज्जा की जाएगी। इस खास अवसर पर विद्यालयों में भी कुछ आयोजन कराए जा सकते हैं। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश भी दिए गए हैं।

आयोजन को लेकर मुख्यालय में अलग-अलग जिम्मेदारियां पहले ही दी जा चुकी हैं। बोर्ड तैयारी के दौरान ही यह जानकर हर्षित है कि उसके यहां पढ़ी कई विभूतियां देश-प्रदेश को गौरवान्वित कर रही हैं। सूची तैयार किए जाने पर बोर्ड ऐसे नामों को सार्वजनिक करेगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda ई- नीलामी सूचना

अंचल दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रयागराज 19—ए, द्वारिका भवन, प्रथम तल, टैगोर टाउन, प्रयागराज

चल एवं अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना

"परिशिष्ट"- IV-ए [नियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान को देखें]

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) एवं नियम 9 के अन्तर्गत चल एवं अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए ई- नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रुप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित चल एवं अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जे में लिया गया है ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति/बंध/ आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (हरमदी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-

ई- नीलामी की तिथि एवं समय: 23.09.2021, 02:00 PM से 6:00 PM

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन इलेक्ट्रफटी/ट्रांस्फर (चलान निकाल के बाद) (https://www.mstcecommerce.com)

के द्वारा बोलीदाताओं के ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में किया जाएगा। निर्धारित ई-नीलामी तिथि के पूर्व ग्लोबल वॉलेट में ईएमडी के तुल्य पर्याप्त धनराशि अवश्य होनी चाहिए।

क्रम संख्या	ऋणियों/ जमानतकर्ताओं का नाम एवं पता	चल एवं अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया राशि	सम्पत्ति निरीक्षण करने के लिए तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि
1.	ऋणी:- मेसर्स डिम्पल स्टोन क्रेशर, पार्टनर्स:- श्री पंकज गौतम पुत्र श्री राजेश गौतम एवं श्री राजेश गौतम पुत्र श्री नाथू गौतम, पता:- 82/58/2 मालवीय रोड, जार्ज टाउन, प्रयागराज (पूर्व में इलाहाबाद)-211002. पार्टनर/जमानतकर्ता:- मेसर्स डिम्पल स्टोन क्रेशर:- जमानतकर्ता- (1)- श्री पंकज गौतम पुत्र श्री राजेश गौतम, (2)- श्री राजेश गौतम पुत्र श्री नाथू गौतम, दोनों का पता:- (1)- ग्राम-अतरौं (और बाजार), पोस्ट- अतरौं (और बाजार), जिला- बांदा (उ.प्र.)- 210201, (11)- 62/58/2 मालवीय रोड, जार्ज टाउन, प्रयागराज (पूर्व में इलाहाबाद)-211002, जमानतकर्ता:- मेसर्स डिम्पल स्टोन क्रेशर- श्रीमती संध्या गौतम पत्नी श्री राजेश गौतम, पता:- ग्राम-अतरौं (और बाजार), पोस्ट:- अतरौं (और बाजार), जिला- बांदा (उ.प्र.)- 210201	(1)-प्लाट सं0- 1185 मी पर स्थित भूमि एवं भवन जो कि ग्राम रौली कल्याणपुर, कर्वी, चित्रकूट (क्षेत्रफल- 0.700 हेक्टेयर) में श्री पंकज गौतम पुत्र श्री राजेश गौतम (भागीदार/जमानतकर्ता/बंधककर्ता) के नाम से स्थित है। चौहद्दी- पूरब- रंकू मुसलमान का खेत, पश्चिम- तकबंदी सेक्टर, उत्तर- रामसरन (चितौरा) की भूमि, दक्षिण- अरसद्दू मुसलमान की भूमि। **आरक्षित मूल्य ₹ 48,63,600/-** (2)- प्लांट एवं मशीनरी:- मेसर्स डिम्पल स्टोन क्रेशर का प्लांट एवं मशीनरी जो कि प्लाट सं0 1185 मी, ग्राम रौली कल्याणपुर, कर्वी, चित्रकूट में स्थित है। **आरक्षित मूल्य ₹ 29,88,900/- + लागू जीएसटी**	₹ 3,07,58,699.30 + ब्याज व अन्य खर्चे दिनांक 31.01.2016 से प्रभावी एवं दिनांक 31.01.2016 के बाद जमा की गयी धनराशि को घटाकर, यदि कोई हो।	04.09.2021 से 23.09.2021 समय 10:00 AM से 4:00 PM	सम्पत्ति सं0-1 एवं 2 के लिए संयुक्त आरक्षित मूल्य ₹ 78,52,500/- (आरक्षित मूल्य) सम्पत्ति सं0-1 एवं 2 के लिए संयुक्त अग्रिम धनराशि ₹7,85,250/- (अग्रिम धनराशि) बिड बढ़ोतरी राशि ₹ 1,00,000/-

कब्जा की स्थिति:- भौतिक

नोट: सरफेसी अधिनियम के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के तहत 15 दिनों की वैधानिक सूचना।

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाईट का अवलोकन करें:- https://www.bankofbaroda.co.in/e-auction.htm, एवं https://ibapi.in इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0- 9554951670,7984127855 से सम्पर्क करें।

दिनांक: 03.09.2021 स्थान: प्रयागराज

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ़ बड़ौदा